BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 25 दिसम्बर, 2024 **थाना सिकन्द्राबाद**

शोरुम से चोरी हुए 37 मोबाईल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 09.12.2024 को वादी श्री तरुण गर्ग निवासी मौ0 कबाड़ी बाजार थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि उनका न्यू महालक्षमी इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से जीटी रोड पर शोरुम स्थित है। दिनांक 08/09-12-2024 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा शोरुम के अन्दर घुसकर काफी संख्या में मोबाईल व डीवीआर चोरी कर लिये है। इस सम्बन्ध मे थाना सिकन्द्राबाद पर मुअस 1047/24 धारा 305(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त के क्रम में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.12.2024 को दो अभियुक्तो को शोरुम से चोरी हुए 37 मोबाईल सहित गिरफ्तार किया गया। घटना मे संलिप्त दो अभियुक्तो को 17 मोबाईल सहित पूर्व मे गिरफ्तार किया जा चुका है। इस घटना से सम्बन्धित अब-तक चोरी किये गये 54 मोबाईल बरामद किये जा चुके है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. मलिक पुत्र अजीमुद्दीन निवासी सिरोधन रोड झुग्गी झोपड़ी कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. सलीदुल इस्लाम पुत्र अब्दुल समद निवासी सिकन्द्राबाद रोड झुग्गी झोपड़ी कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 37 मोबाईल (चोरी किये गये)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री रविरतन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. निरीक्षक श्री सरजेश कुमार
3. उ0नि0 शिवम कुमार, उ0नि0 कपिल बालियान
4. का0 विनोद कुमार, का0 राहुल कसाना, का0 सुमित कुमार

मीडिया सेल, बुलंदशहर